दिनांक 12 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने किया विभिन्न निर्माण/विकास कार्यो का भूमिपूजन

भिलाई नगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड क्रमांक 57 सेक्टर 6 के सड़क 34 एवं 35 के मध्य उद्यान निर्माण विकास तथा सेक्टर 6 ई मार्केट में शौचालय निर्माण कार्य हेतु भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की! जिसमें महापौर परिषद के सदस्य एवं वार्ड पार्षद साकेत चंद्राकर तथा वार्ड 56 की पार्षद मालती ठाकुर ने भी सम्मिलित होकर भूमि पूजन कार्य किया! सर्वप्रथम श्री देवेंद्र यादव ने सेक्टर 6 स्थित मंदिर में पूजा अर्चना की तत्पश्चात उद्यान निर्माण किए जाने वाले स्थल में अगरबत्ती जलाकर, फूल चढ़ाकर, नारियल फोड़कर एवं गैंति चलाकर कार्य की शुरुआत की! श्री यादव ने उपस्थित मोहल्ले के निवासियों से कहा की जो भी बन पड़ेगा किया जाएगा , आज तो कार्य की शुरुआत हुई है

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है
जल ही जीवन है!